कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी लिरिक्स

कान्हा की दीवानी बन जाउंगी
दीवानी बन जाउंगी मस्तानी बन जाउंगी
कान्हा की दीवानी बन जाउंगी

जब मेरा कान्हा माखन खावे मैं मिश्री बन जाऊ
मिश्री बनके मैं कान्हा के माखन में मिल जाऊ
माखन बन जाउंगी मैं माखन बन जाउंगी
कान्हा की दीवानी बन जाउंगी

जब मेरा कान्हा गैया चराये मैं ग्वालियन बन जाऊ
ग्वालियन बनके मैं कान्हा से संग में गैया चराऊ
ग्वालियन बन जाउंगी मैं ग्वालियन बन जाउंगी
कान्हा की दीवानी बन जाउंगी

जब मेरा कान्हा होली खेले मैं राधा बन जाऊ
राधा बनके मैं कान्हा से संग में होली खेलू
राधा बन जाउंगी मैं राधा बन जाउंगी
कान्हा की दीवानी बन जाउंगी

https://allbhajanlyrics.com/kanha-ki-deewani-ban-jaungi-lyrics/